# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# चीन सीमा से लगे तीन दर्जन गांव हुए अलग–थलग

**दिक्कतें**

## छोरीबगड से मदकोट के गांवों में जरूरी वस्तुओं के पड़े लाले

- सीमांत में अभी तेईस सड़कें पूरी तरह से बंद पड़ी है
- गस्कू के पास चट्टान के खिसकने का सिलसिला जारी

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**



पिथौरागढ़। चीन सीमा को जोड़ने वाले तीन सामरिक महत्व की सड़कों सहित सीमांत में अभी तेईस सड़कें पूरी तरह से बंद पड़ी हुई है। बता दें कि जौलजीवी मुंसयारी मार्ग को बंद पड़े नौ दिन से भी ज्यादा दिन हो चुके है। छोरीबगड से लेकर मदकोट के गांवों में हालात इतने खराब हो चुके है कि यहां जरूरी वस्तुओं के लिए लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

नौ दिन से मवानी दवानी से धामीगांव के भ्यूला तक बंद आठ किमी पैदल मार्ग महज अब तक तीन किमी ही खोला जा सका है। जानकारी के मुताबिक चीन सीमा को जोड़ने वाले तवाघाट, लिपुलेख तवाघाट तिदांग और मुंसयारी मार्ग के खुलने में खासा वक्त लगने की संभावना बन रही है। चीन सीमा से जुड़ी तीन दर्जन गांव अभी भी अलग थलग पड़े हुए है। तवाघाट सोबला तिदांग मार्ग सोबला से कुछ आगे खुला है।

सोबला के बीच तवाघाट से छिरकिला के बीच बीस दिन से ज्यादा हो चुके है पर वह अब भी बंद ही पड़ा है। जानकारी के मुताबिक गस्कू के पास चट्टान के खिसकने का सिलसिला जारी है। मुंसयारी मिलम मार्ग को बंद हुए उन्नीस दिन हो चुके है। सीमांत में अधिकांश सड़के आपदा से प्रभावित क्षेत्र से जुड़ी है जो कि पीएमजीएसवाई के तहत आती है। सीमांत के बंगापानी में लोक निर्माण विभाग कुछ सड़के खोलने में जुटा हुआ है। वही सीमांत के गांवों में जहां भीषण आपदा ने दस्तक दी थी वहां के पैदल मार्ग अब तक नही खुल पाने की वजह से गांवों में जरूरत की चीजों के लाले पड़ते नजर आ रहे है।

क्षेत्र के कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा आपदा प्रभावित क्षेत्र के पीड़ितों को राहत सामग्री मुहैया कराये जाने के समाचार मिले है। चीन सीमा से जुड़ी इन बंद पड़ी सडकों पर आवागमन बधित होने से सीमांत तहसील क्षेत्र के प्रभावितों की मुशिकिलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। लोग अपनी जान जोखिम में डालकर क्षतिग्रस्त मार्गो से होकर गुजरने को मजबूर हो रहे है।

## न्यूज डायरी

### दो युवक नगर में फर्जी पुलिस बनकर चालान काटते धरे गये

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले के चण्डाक रोड के पास मैगी प्वाइंट के पास थाना कोतवाली पिथौरागढ़ में दर्ज तहरीर के आधार पर दो आरोपी युवकों क्रमश मनोज सिह पुत्र राम सिंह निवासी सटगल छेडा पिथौरागढ़ व उसके साथी सुरेन्द्र सिह पुत्र दीवान सिह बजेटी जिला पिथोरागढ़ को वाहन बुलेट संख्या यूके 05सी 3291 के साथ बिना हेलमेट के चालान करते 250 रूपये के साथ अवैध वसूली करते धरे गये। यह मामला फर्जी लगने पर तहरीर के आधार पर कोतवाली में मुकदमा संख्या 183/2020 की धारा 420/504 के तहत पंजीकृत कर हिरासत में ले लिया है। मौके पर तहरीर मिलने पर स्वंय कोतवाल रमेंश तनवार इस जगह पर पहुंचे वे इन दोनों युवकों को देखकर हक्का बक्का हो गये। उन्होंने दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया और 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपियों को पकडने वालों में उपनिरीक्षक मेघा शर्मा कांस्टेबल होशियार सिह मनोज देव शामिल थे।

### ऋषि संस्कृत महाविद्यालय में संस्कृत सप्ताह का हुआ समापन

**संवाददाता** हरिद्वार। ऋषि संस्कृत महाविद्यालय खड़खड़ी हरिद्वार के सरस्वती भवन में विगत 31 जुलाई से प्रारम्भ हुए संस्कृत सप्ताह का समापन संस्थाध्यक्ष ट्टषि रामकृष्ण महाराज की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए संस्थाध्यक्ष ऋषि रामकृष्ण महाराज ने कहा कि इस वैश्विक महामारी के कोरोना काल में भी सात दिनों तक निरन्तर संस्कृत के प्रचार–प्रसार तथा संस्कृत छात्रों के ज्ञानवर्धन हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करना वस्तुतः सकारत्मक प्रयास है। इससे छात्रों में भी सीखने की प्रवृत्ति का विकास होगा।

### ओरिएंट बेल टाईल्सरू नए उत्पाद व डिजिटल से होगी वृद्धि

**संवाददाता** देहरादून। देश में सेरेमिक एवं विट्रिफाईड टाईल के सबसे प्रोफेशनल व डिजिटल समझ वाले निर्माताओं में से एक, ओरिएंट बेल टाईल्स ने पहली बार 200 एसकेयू के डिजिटल लॉन्च के साथ एक और मापदंड स्थापित कर दिया है। इस लाईव यूट्यूब लॉन्च में 1000 से ज्यादा चौनल पार्टनर एवं कंपनी के कर्मचारी उपस्थित थे। इसमें शॉपर्स एवं ग्राहकों के लिए सुगम अनुभव सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल माध्यम की सामर्थ्य का प्रदर्शन किया गया। कंपनी ने पूरी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ मार्बल एवं नैचुरल स्टोंस से प्रेरित 50 ग्लेज्ड विट्रिफाईड टाईल लॉन्च किए। कंपनी ने 99.9 प्रतिशत जर्म–फ्री टाईल के अतिरिक्त गुण वाले फॉरएवर टाईल्स दोबारा लॉन्च किए।

## व्यवहार परिवर्तन हेतु गंदगी मुक्त भारत अभियान चलाने के निर्देश

**संवाददाता** हरिद्वार। मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार विनीत तोमर ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को आगामी 08 अगस्त से 15 अगस्त 2020 तक "व्यवहार परिवर्तन हेतु गंदगी मुक्त भारत" अभियान संचालित किए जाने हेतु निर्देशित किया।

तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रलय भारत सरकार के निर्देशानुसार 08 से 15 अगस्त 2020 तक गंदगी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों से सशक्त एवं प्रभावी रूप से हिस्सा लेकर ग्राम स्तर, ब्लॉक स्तर एवं जिला स्तर के समस्त समुदायों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के सकारात्मक पहलुओं करने में उत्साहपूर्वक भाग लें।

उक्त सप्ताह में दैनिक गतिविधियों की निर्धारित रूपरेखा के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा सम्पादित किया जाना है। 08 अगस्त को ई–रात्रि चौपाल में जिलाधिकारी हरिद्वार द्वारा सरपंचों व ग्राम प्रधानों से संवाद किया जाएगा। 09 अगस्त को ग्राम प्रधानों द्वारा ग्रामीण समुदाय की सहभागिता से सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण एवं पृथकीकरण हेतु अभियान चलाया जाएगा। 10 अगस्त को ग्राम पंचायतों में श्रमदान किया जाएगा जिसमें सार्वजनिक परिसरों व भवनों की साफ–सफाई व रंग रोगन एवं ओडीएफ प्लस की जानकारी हेतु एसबीएम मोबाइल एकेडमी का शुभारम्भ किया जाएगा।

11 अगस्त को सूचना, शिक्षा एवं संचार संदेश ग्रामों में दीवार लेखन, पांच ओडीएफ प्लस दीवार पेन्टिग को राज्यों से साझा किया गया है। ग्रामों में जन–आन्दोलन का माहौल बनेगा यदि समस्त ग्राम इस दीवार पेन्टिंग अभियान में प्रतिभाग करेंगे एवं कोविड–19 से बचाव के लिए सावधानियां भी बरतेंगे।



## रेडलाइट एरिया बनता जा रहा है रेलवे रोड

**संवाददाता** हरिद्वार। हरिद्वार का रेलवे रोड के आसपास का क्षेत्र रेडलाइट एरिया बनता जा रहा है। यहां आसपास के क्षेत्रों से देह बेचने वाली महिलाएं सुबह आकर ही डेरा जमा लेती हैं। आसपास के होटल यहां इस काम को बढ़ावा दे रहे हैं। एक वक्त धर्मनगरी में आकर लोग व्यसन त्यागने का संकल्प लिया करते थे। लेकिन आजकल लोग मौजमस्ती के लिए भी हरिद्वार पहुंचने लगे हैं। मौजमस्ती के लिए बढ़ती मांग के कारण देहव्यापार के घिनौने धंधे ने भी धर्मनगरी में पांव पसार लिए हैं। हरिद्वार का रेलवेरोड क्षेत्र इस गंदे धंधे के लिए बदनाम होता जा रहा है। यहां आसपास के क्षेत्रों से सुबह ही इस घिनौने कारोबार में लिप्त महिलाएं पहुंच जाती हैं। जिन्हें शिवमूर्ति के आसपास सड़क पर ग्राहकों को तलाश करते हुए देखा जा सकता है।

## मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के बेहतर क्रियान्वयन को प्रकोष्ठ का गठन

**संवाददाता**

योजना में विनिर्माण में 25 लाख और सेवा क्षेत्र में 10 लाख तक की लागत की परियोजना पर स्वरोजगार के लिए ले सकते हैं ऋण

देहरादून। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन के उपायों को सुझाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कार्यालय में एक प्रकोष्ठ गठन किया गया है। इस प्रकोष्ठ में अध्यक्ष के रूप में पलायन आयोग, उत्तराखण्ड के उपाध्यक्ष एसएस नेगी, सदस्य के रूप में हार्क संस्था से महेन्द्र सिंह कुँवर एवं मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार आलोक भट्ट शामिल हैं।

ज्ञातव्य हो कि प्रदेश के अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने एवं उत्तराखण्ड लौटे प्रवासियों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना की तर्ज पर मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना शुरू की गई है। इसमें निर्माण और सेवा क्षेत्र में अपना काम करने के लिए ऋण व अनुदान की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, युवाओं और प्रदेश में लौटे प्रवासियों के लिए एमएसएमई के तहत बनाई गई है। योजना में विनिर्माण में 25 लाख और सेवा क्षेत्र में 10 लाख तक की लागत की परियोजना पर स्वरोजगार के लिए ऋण ले सकेंगे। इसमें 25 प्रतिशत तक अनुदान की व्यवस्था है। मार्जिन मनी अनुदान के रूप में समायोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत इससे सम्बन्धित लगभग सभी विभागों की योजनाओं को शामिल किया गया है। राज्य स्तर पर सभी विभागों के समन्वय के लिए यह प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। अन्य विभागों में संचालित स्वरोजगार योजनाओं को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत लाते हुए उद्यान, कृषि, माइक्रो फूड प्रोसेसिंग, पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय, पोल्ट्री, जैविक कृषि आदि पर विशेष महत्व दिया जा रहा है। योजना में 150 से अधिक कार्य शामिल किए गए हैं। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एसएस नेगी ने बताया कि उत्तराखण्ड के पर्वतीय जनपदों में स्वरोजगार को आगे बढ़ाने के लिये प्रयास किये जायेंगे।

## बालिका द्वारा कुण्डा खोलकर पलायन की घटना की जांच को अधिकारी नामित

**संवाददाता** देहरादून। डिप्टी कलक्टर मुख्यालय संगीता कन्नौजिया ने अवगत कराया कि बालिका मुस्कान उर्फ शाहिना आयु 16 वर्ष पुत्री शहनवाज निवासी शहनगांव थाना अमार वाया जलालगढ़ जिला पूर्णिया, बिहार का बालिका निकेतन में प्रवेश चाईल्ड हेल्प लाईन दून के माध्यम से बाल कल्याण समिति दून द्वारा 01 जुलाई 2020 को हुआ था। कोविड–19 के मानकों के दृष्टिगत बालिका को संस्था के गेट के पास निर्मित आइसोलेशन कक्ष में एक केयर टेकर मीना की ड्यूटी में रखा गया था केयर टेकर मीना के कक्ष में ही निर्मित शौचालय जाने के दौरान बालिका द्वारा कुण्डा खोलकर पलायन किया गया। केयर टेकर मीना द्वारा बताया गया कि कुण्डा कक्ष के भीतर से बन्द किया हुआ था, जिस पर ताला नहीं लगा हुआ था। उक्त प्रकरण में जिलाधिकारी द्वारा डिप्टी कलक्टर मुख्यालय को जांच अधिकारी नामित किया गया है।